RAF SECTOR

NEWS CLIP

10/11/18

CENTRAL RESERVE POLICE

26th Anniversary RAPID ACTION FORCE

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran (Patna,Bihar)

जुए में जीती रकम नहीं लौटाई तो मार डाला

मसौढ़ी के कश्मीरगंज मोहल्ले की घटना, हत्या में शामिल सभी चार आरोपित हुए गिरफ्तार

सवाद सहयोगी, मसौढ़ी : थाना के कश्मीरगंज मोहल्ले में गुरुवार की देर रात जुआ खेलने के दौरान हारी रकम नहीं लौटाने को लेकर हुए विवाद में चार युवकों ने चाकू से गोदकर एक किशोर की हत्या कर दी। बदमाशों ने शव को कूड़े के ढेर में छिपा दिया। शुक्रवार को मोहल्लेवासियों की नजर लाश पर पड़ी। जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के मणिचक निवासी सुरेंद्र प्रसाद के पुत्र समीर कुमार उर्फ विदुर (15 वर्ष) के रूप में हुई। पुलिस ने शव को बरामद कर लिया। पुलिस ने डॉग स्क्वॉयड टीम व एफएसएल टीम की मदद से हत्या में शामिल चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के मुताबिक समीर कुमार थाना क्षेत्र के कश्मीरगंज निवासी अपने मामा प्रमोद कुमार के घर ही रहता था। गुरुवार की देर रात कश्मीरगंज निवासी राज अंसारी उर्फ लोरिया समीर को जुआ खेलने के लिए घर से बुलाकर पास स्थित सुलेमान साईं के घर के पास ले गया और वहां अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ जुआ खेलने लगा। इस बाबत सिटी एसपी (पूर्वी) राजेंद्र कुमार भील ने बताया कि समीर जुआ खेलने के दौरान उन चारों युवकों से तीन हजार रुपये जीत लिया और घर लौटने लगा। आरोपितों ने समीर से हारी गई रकम लौटा देने को कहा। समीर ने रकम लौटाने से इंकार कर दिया।

मसौढ़ी के कश्मीरगंज में किशोर की हत्या के बाद बिलखते परिजन • जागरण

हत्या की घटना के बाद फ्लैग मार्च रैफ के जवान व पुलिस टीम • जागरण

समीर कुमार की फाइल फोटो • जागरण

डॉग स्क्वॉयड की टीम की मदद से हुई गिरफ्तारी

घटना के बाद पहुंची पुलिस ने पटना से डॉग स्क्वॉयड व एफएसएल की टीम बुलाई। टीम की मदद से पुलिस ने पहले कश्मीरगंज निवासी मो. रफीक अंसारी के पुत्र राज अंसारी उर्फ लोरिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसकी निशानदेही पर कश्मीरगंज के ही मो इम्तियाज आलम उर्फ घसीटन, विकास कुमार उर्फ जीतन और तैयब आलम को भी गिरफ्तार कर लिया।

कई थानों की पुलिस ने नगर में किया फ्लैग मार्च

समीर का शव बरामद होने के बाद कई थाने की पुलिस व रैफ के जवानों ने नगर में मार्च किया। नेतृत्व एसडीपीओ सोनू कुमार राय ने किया। पुलिस की टीम थाना से निकलकर कश्मीरगंज, मणिचक, रहमतगंज, कुम्हार टोली, स्टेशन रोड व मेन रोड में फ्लैग मार्च किया। मौके पर रैपिड एक्शन फोर्स के डिप्टी कमांडेंट राकेश कुमार, थानाध्यक्ष शंभू यादव समेत अनुमंडल के अन्य थानों की पुलिस भी मौजूद थे।

हत्या के दौरान पहने गए कपड़े पर मिले खून के धब्बे

सिटी एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में से कुछ के कपड़े पर खून के धब्बे पाए गए हैं। सिटी एसपी ने बताया कि समीर की हत्या ईंट व रॉड से मारकर की गई। समीर को जुआ खेलने की लत थी। वह गुरुवार की रात अपने दोस्त के बुलाने पर नानी से सौ रुपये मांगकर ले गया था। देर रात घर नहीं लौटा। सुबह परिजनों को हत्या की सूचना मिली। इसके बाद कोहराम मच गया।

Dainik Jagran (Patna,Bihar)

हत्या की घटना के बाद फ्लैग मार्च रैफ के जवान व पुलिस टीम • जागरण

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।